गौरतलब है कि आमगांव खुली खदान विस्तार हेतु एसईसीएल प्रबंधन द्वारा लगभग नौ सौ एकड़ भूमि को अधिग्रहीत किया गया है द्य जिसके एवज में 464 भूस्वामियों को नौकरी एवं मुआवजे के लिए चिन्हित किया गया है द्य जबकि इसी क्रम में अब तक 200 लोगों को नौकरी एवं मुआवजा राशि दी जा चुकी है द्य प्रबंधन की माने तो भूस्वामियों की अधिग्रहित की गई जमीन के अलावा उनके परिसंपत्तियों का लगभग 90 प्रतिशत मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है द्य इसके बावजूद ग्रामीणों के द्वारा हिंसक विरोध प्रदर्शन समझ से परे है द्य

वहीं सूत्रों ने बताया कि घटना के दूसरे दिन जब प्रबंधन द्वारा सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया तो फिर से लगभग चालीस - पचास ग्रामीण निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर विरोध करने लगे जिसके कारण प्रबंधन ने काम को रोक दिया द्ध इसके बाद प्रबंधन ने ग्रामीणों के खिलाफ रामानुजनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है

जहां एक ओर घटना के बाद कोल प्रबंधन भी खदान विस्तार को लेकर नियमानुसार पहल करने से पीछे हटती नजर नहीं आ रही है तो वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों प्रबंधन से लड़ाई लड़ने की दो दो हाथ करने रणनीति बना रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### जगदलपुर में 43 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित, ऋण मेला भी आयोजित




**जगदलपुर:-** नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा आज एएचपी घटक (मोर मकान - मोर आस) के अंतर्गत 43 पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवासों का आबंटन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों की सुविधा हेतु ऋण मेला का भी सफल आयोजन किया गया, जिससे उन्हें आवास निर्माण एवं क्रय के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में धरमपुरा स्थित मोटरू ब्रदर्स एवं ऊर्जा प्रॉपर्टी के 208 यूनिट तथा हाटकचोरा स्थित ऊर्जा प्रॉपर्टी के 58 यूनिट में निर्मित आधुनिक त+3 आवासों को शामिल किया गया। इन आवासों का निर्माण बेहतर बुनियादी सुविधाओं के साथ किया गया है, जिससे हितग्राहियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध हो सके। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबके लिए आवास के विजन के अनुरूप एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, योगेंद्र पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नगर निगम के अन्य एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, नोडल अधिकारी गोपाल भारद्वाज, सहायक नोडल अधिकारी अमर सिंह, निगम के सीएलटीसी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मालूम हो कि नगर निगम द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शीघ्र एवं पारदर्शी तरीके से आवास उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### सैमसंग ने कैशबैक, ईएमआई ऑफर्स के साथ गैलेक्सी A57, A37 की बिक्री शुरू की

**गुरुग्राम:** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,सैमसंग ने अपने नए गैलेक्सी A57 5G और गैलेक्सी A37 5G स्मार्टफोनकी बिक्री 10 अप्रैल से शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी का कहना हैकि नई A सीरीज़ खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गईहै, जिसमें एक टिकाउ एवं आकर्षक स्लिम डिजाइन में बेहतर कैमरा, दमदार परफॉर्मेंस और एआई फीचर्स का संयोजन मिलता है।

गैलेक्सी A57 5G तीन रंगों—ऑसम नेवी, ऑसम आइसीब्लू और ऑसम लिलैक—में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 8GB/256GB वेरिएंट के लिए 56,999 रूपये और 12GB/256GB वेरिएंट के लिए 62,499 रूपये रखी गईहै। वहीं, गैलेक्सी A37 5G ऑसम लैवेंडर, ऑसम ग्रेग्रीन और ऑसम चारकोल रंगों में आएगा, जिसकी शुरुआती कीमत 8GB/128GB वेरिएंट केलिए 41,999 रूपये, 8GB/256GB वेरिएंट के लिए 47499 रुपये और 12GB/256GB वेरिएंट के लिए 52999 रुपये है।

ग्राहक गैलेक्सी A57 और गैलेक्सी A37 5G को 'ट्रिपल ज़ीरो स्कीम' के तहत खरीद सकते हैं, जिसमें बिना डाउन पेमेंट, बिना ब्याज और बिना झंझट की सुविधा मिलती है। ये स्मार्टफोन Samsung.com, सैमसंग के एक्सक्लूसिव और पार्टनर स्टोर्स के साथ-साथ अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे।

### शहर के कई पेट्रोल पंप में रिजर्व स्टॉक के बोर्ड लगे

**कोरबा।** मिडिल ईस्ट में चल रहे तनातनी के माहौल के कारण देश में भी स्थितियां प्रभावित हो रही है। पेट्रोलियम पदार्थ की उपलब्धता को लेकर अब स्थिति बिगड़ रही है। हाल में ही कोरबा शहर के कई पेट्रोल पंप में रिजर्व स्टॉक बोर्ड लग गए हैं और कई पंपों में केवल स्पीड पेट्रोल ही ग्राहकों को दिया जा रहा है पेट्रोल कंपनी और प्रशासन के निर्देश पर इस तरह की व्यवस्था किए जाने की जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार सर्विस प्रोवाइडर को कहा गया है कि उन्हें रिजर्व स्टॉक की जानकारी डिस्प्ले करनी होगी। एक निश्चित मात्रा के स्तर पर पहुंचने के साथ जन सामान्य के लिए इस तरह की सेवाएं मुहैया नहीं कराई जाएगी। अत्यावश्यक सेवाओं के मामले में कई प्रकार के पैरामीटर बने हुए हैं।

# पारिवारिक विवाद में उठाया खौफनाक कदम



## 22 वर्षीय युवती ने पुल से नदी में लगाई छलांग,पुलिस ने कूदकर बचाई जान

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** पारिवारिक कलह के चलते एक 22 वर्षीय युवती ने लोहड़ीगुड़ा थाना क्षेत्र के एक पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही लोहंडीगुड़ा थाने के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी और समय रहते युवती को बचा लिया। इसके बाद युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ होश आने पर उसने अपने परिजनों की जानकारी दी। लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैंगा ने बताया कि भानपुरी निवासी 22 वर्षीय युवती का पारिवारिक कारणों से विवाद हो गया था। इसके चलते वह अपने घर से पैदल ही निकल गई। रास्ते में लोगों से लिफ्ट लेते हुए वह नारायणपाल मंदिर के पास बने पुल पर पहुंची और वहां से नदी में छलांग लगा दी।

घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने युवती को नदी में छलांग लगाते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही लोहंडीगुड़ा थाने के जवान बिना किसी देरी के नदी में कूद पड़े। पानी में छलांग लगाने के कारण युवती बेहोश हो गई थी। पुलिसकर्मियों ने उसे बाहर निकाला और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लोहंडीगुड़ा ले जाया गया।

अस्पताल में उपचार के दौरान युवती को होश आ गया। होश में आने पर उसने अपने परिजनों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवती के परिजनों को सूचित किया और उन्हें अस्पताल बुलाया। अपने बेटी को सुरक्षित देखकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और उसे अपने साथ ले गए।

# इंटीरियो ने रायपुर में 5,000 वर्गफीट का अपग्रेडेड स्टोर शुरू किया

**इंटीरियो बाय गोदरेज की ''मूमेंट्स दैट मैटर'' स्टडी के मुताबिक पूर्वी भारत में हर 10 में से 9 लोगों का मानना है कि डिनर टाईम ही वह समय है, जब परिवार के लोग एक साथ समय बिताते हैं**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गोदरेज एंटरप्राईज़ ग्रुप के प्रमुख फर्नीचर ब्रांड, इंटीरियो बाय गोदरेज ने रायपुर में अपग्रेडेड स्टोर शुरू किया है। इसका उद्देश्य शहर में बेहतर रिटेल अनुभव प्रदान करना और शानदार डिज़ाईन उपलब्ध कराना है। साथ ही, कंपनी ने अपनी ''मूमेंट्स दैट मैटर'' (एमटीएम) स्टडी भी जारी की है, जिसमें यह जानने की कोशिश की गई है कि घरों में दैनिक अनुभव किस प्रकार लोगों के भावनात्मक स्वास्थ्य, संबंधों और आराम को प्रभावित करते हैं। यह स्टोर 5,000 वर्गफीट में फैला है, जो ग्राहकों को आधुनिक भारतीय घरों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन पेश करता है। इस स्टोर में बेडरूम, लिविंग रूम और डाईनिंग के लिए मॉड्युलर फर्नीचर, अनुकूलित फर्नीचर और व्यक्तिगत फर्नीचर उपलब्ध है। ब्रांड ने सॉफ्ट फर्निशिंग की नई रेंज भी पेश की है।

डॉ. देव नारायण सरकार, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड ऑफ कंज़्यूमर बिज़नेस (बी2सी), इंटीरियो बाय गोदरेज ने बताया कि, ''हमारी 'मूमेंट्स दैट मैटर' स्टडी में एक बदलाव सामने आया है। इसमें उजागर हुआ है कि डिज़ाईन लोगों के एहसास, संबंधों और आराम को किस प्रकार प्रभावित करता है। रायपुर में हमारे अपग्रेडेड स्टोर में हमने इस स्टडी के नतीजों को शामिल करके ऐसे दिलचस्प अनुभव पेश किए हैं, जो ग्राहकों को ऐसे स्पेस बनाने में मदद करेंगे, जो उनकी जीवनशैली को प्रदर्शित करते हों। छत्तीसगढ़ में हमारा लक्ष्य साल 2029 तक 18 रिटेल स्टोर के नेटवर्क तक पहुँचना है। हम राज्य में अपनी ऑम्नीचैनल पहुँच को बढ़ाना चाहते हैं। गोदरेज की विश्वसनीयता हमें आगे बढ़ने में मदद करेगी, जिस पर हमारे ग्राहक भरोसा करते हैं। हम वित्तवर्ष 2027 में मध्य भारत में लगभग 150 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करना चाहते हैं। अपने नेटवर्क को बढ़ाकर और ग्राहकों की पसंद के अनुरूप नए प्रोडक्ट्स पेश करके हम बाजार में बड़ा हिस्सा हासिल करने और लगातार विकास करते रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' डॉ. एलिशा लालजी, प्रैक्टिसिंग साइकोलॉजिस्ट, साइकोथेरेपिस्ट और एजुकेटर ने कहा, ''हमारी भावनात्मक और मानसिक सेहत में हमारे चारों ओर के वातावरण की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बेहतरीन डिज़ाईन के स्पेस ध्यान लगाने, संबंध मजबूत बनाने या सुकून देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा संतुलन और अपनेपन की भावना का विकास करते हैं। 'मूमेंट्स दैट मैटर' स्टडी में सामने आया है कि रोजमर्रा के ये क्षण किस प्रकार रायपुर के व्यस्त शहरी वातावरण के बीच जीवन में संतोष प्रदान कर सकते हैं।''

एमटीएम स्टडी के मुताबिक पूर्वी भारत में लगभग 91 प्रतिशत लोगों का मानना है कि डिनर टाईम ही वह समय होता है, जब पूरा परिवार एक साथ होता है। 91 प्रतिशत मानते हैं कि डाइनिंग स्पेस संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, 91 प्रतिशत लोगों के मुताबिक शाम को अपने परिवार के साथ बैठकर पूरे दिन के अनुभव साझा करना एक महत्वपूर्ण दिनचर्या है। पूर्वी भारत में पारिवारिक संबंध इसी तरह आगे बढ़ते हैं।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा के सप्लायर पर बड़ी कार्यवाही

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** आरोपियों के द्वारा प्रतिबंधित अवैध नशीला मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के हेतु मोटर सायकल में परिवहन करते दो आरोपी को बोधघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

जगदलपुर। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशे के सौदागरों तथा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे प्रतिबंधित अवैध गांजा बिक्री करने के लिए परिवहन करने करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।




ज्ञात हो कि थाना बोधघाट में मुखबीर से सूचना मिला कि दो 40-45 साल के व्यक्ति बिना नंबर के मोटर सायकल में उड़ीसा से जगदलपुर आने के लिए निकले हैं जो अपने संयुक्त कब्जे में एक नीला रंग के थैला रखे हैं जिसके अंदर अवैध रूप से मादक पदार्थ गंजा रखकर बिक्री करने के लिए मोटरसाइकिल में सवार होकर कुरंडी जंगल के रास्ते से अडावाल की तरफसे जगदलपुर आ रहे हैं जिसमें मोटरसाइकिल चालक का हुलिया सफेद लाइन दार फुल आस्तीन का चेकदार शर्ट तथा आसमानी रंग का जींस एवं पीछे बैठे व्यक्ति का हुलिया सफेद रंग का हाफ शर्ट व काई रंग का जींस पहना है दोनों व्यक्तियों के द्वारा अपने बिना नंबर के द्धद्ध स्त्रद्गद्यह्व× मोटरसाइकिल में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के लिए रखकर जगदलपुर परिवहन कर रहे हैं, कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के दिशानिर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में थाना प्रभारी बोधघाट अन्य थाना स्टाफके साथ टीम बनाकर सूचना की तस्दीकी तथा कार्यवाही हेतु तत्काल अडावाल रेलवे फाटक के पास पहुँच कर एमसीपी लगाकर उक्त संदेही वाहन का इंतजार किये संदेही वाहन आने से घेराबंदी कर पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम 1. गणपति माली पिता स्वर्गीय रामचंद्र माली उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मूर्त हांडी शनगुड़ा थाना कोटपाड जिला कोरापुट ओडीशा 2. श्याम सुंदर बीसाई पिता स्वर्गीय त्रिनाथ विषय उम्र 45 साल निवासी ग्राम तेली धार गुड्डी तहसील कोटपाड जिला कोरापुट ओडीशा का रहने वाला बताये जिसके तलाशी लेने पर नीला रंग के थैला के अंदर भूरे रंग के सेलो टेप में लिपटा तीन पैकेट में कुल 10.09द्मद्द कुल किमती 5,04,500रु बरामद हुआ वैध दस्तावेज आरोपियों द्वारा पेश नहीं करने से आरोपियों को माननीय विशेष एनडीपीएस न्यायालय जगदलपुर भेजा गया है।

दैनिक
# विश्व परिवार
## विचार-पक्ष
रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संपादकीय

## कॉलेजियम को लेकर बढ़ रहे असंतोष......

कॉलेजियम सिस्टम के पक्ष में यही दलील दी जाती है कि जजों की नियुक्ति एवं तबादले सरकार के हाथ में चले गए, तो न्यायपालिका में राजनीतिक हस्तक्षेप होने लगेगा। मगर क्या कॉलेजियम ऐसे दखल से जजों को बचा पा रहा है? सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल तो पुराने हैं, लेकिन अब इन्हें सर्वोच्च न्यायपालिका के अंदर से उठाया जा रहा है, तो स्पष्टत: इसे अधिक गंभीरता से लिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों- दीपांकर दत्त और मनमोहन ने इस व्यवस्था के संचालन को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। दोनों की शिकायतें अलग-अलग हैं, लेकिन उससे कॉलेजियम को लेकर बढ़ रहे असंतोष की झलक मिलती है। जस्टिस दत्त ने कहा कि जिन जजों ने साहस एवं नैतिक दृढ़ता का परिचय दिया, कॉलेजियम उन्हें संरक्षण देने में नाकाम रहा। उन्होंने चेताया कि ऐसी घटनाओं से सिद्धांतों को तरहीज देने वाले जज हतोत्साहित हो सकते हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कॉलेजियम के प्रति हाई कोर्ट के जजों में बढ़े अविश्वास की चर्चा की। कहा कि न्यायिक नियुक्तियों के मामले में हाई कोर्ट से आई सिफारिशों को अहमियत ना दिए जाने की शिकायत गहरा गई है, इसलिए कॉलेजियम को इस पर आत्म-निरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम और केंद्र सरकार हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के प्रति संदेह का रुख रखते हैं। तो मुद्दा यह है कि कॉलेजियम अगर कर्त्तव्यनिष्ठ जजों को संरक्षण नहीं दे सकता, तो फिर उसके होने का औचित्य क्या है? ये प्रणाली खुद सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले से स्थापित की और इसमें बदलाव की कोशिशों को वह नाकाम करता रहा है। इसके पक्ष में यही दलील दी जाती है कि जजों की नियुक्तियां/ तबादले सरकार के हाथ में चले गए, न्यायपालिका में राजनीतिक हस्तक्षेप की गुंजाइश बन जाएगी। मगर अब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी संकेत दे रहे हैं कि प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला कॉलेजियम सियासी दखल से जजों को संरक्षण नहीं दे पा रहा है। कॉलेजियम के पीछे मुख्य धारणा यही है कि इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि न्यायपालिका पूर्ण स्वतंत्रता से काम कर सके। मगर, ऐसा तभी संभव है, जब संस्था की अंदरूनी कार्य-प्रणाली आम-सहमति और व्यापक भागीदारी से प्रेरित हो। उच्चतम न्यायालय के पांच जज बाकी सबकी सिफारिशों की अनदेखी करने लगें, तो फिर इस व्यवस्था के लोकतांत्रिक स्वरूप पर प्रश्न खड़े होंगे।

# भारत के अंतिम छोर पर स्थित स्वास्थ्य एवं कल्याण इकोसिस्टम को मजबूत बनाना.....

श्री प्रतापराव जाधव [ लेखक आयुष राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) हैं ]

अब जबकि भारत सभी के लिए न्यायसंगत, समावेशी और समग्र स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के



सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हमें एक मौलिक प्रश्न पूछना होगा: हम अंतिम गांव के अंतिम व्यक्ति तक सही समय पर गुणवत्तापूर्ण देखभाल पहुंचना कैसे सुनिश्चित करें?

इसका जवाब केवल बुनियादी ढांचे के विस्तार या उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग में ही नहीं, बल्कि उन प्रणालियों को मजबूत करने में भी निहित है जो स्वाभाविक रूप से सुलभ, सस्ती और समुदायों के भरोसे पर खरे उतरते हों। इस संदर्भ में, होम्योपैथी भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के साथ-साथ एक मौन लेकिन शक्तिशाली ताकत के रूप में उभर रही है और जमीनी स्तर पर समग्र स्वास्थ्य से जुड़े बुनियादी ढांचे को बदल रही है।

हम यह दिखाई दे रहा है कि होम्योपैथी कैसे जनजातीय क्षेत्रों, ग्रामीण इलाकों और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी वाले शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की आपूर्ति से जुड़ी महत्वपूर्ण कमियों को दूर कर रही है। इसके प्रभाव का पता केवल व्यापकता से ही नहीं, बल्कि सबसे अधिक जरूरत वाले स्थानों - यानी अंतिम छोर - तक पहुंचने की क्षमता से भी चल रहा है।

अब जबकि हर वर्ष 10 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व होम्योपैथी दिवस' करीब है, यह इस बात पर विचार करने का एक सही मौका है कि यह प्रणाली केवल व्यक्तिगत कल्याण ही नहीं बल्कि समग्र कल्याण का एक ऐसा मॉडल बनाने में भी योगदान दे रही है जो किफायती, पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक रूप से समावेशी हो। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस की थीम सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी है।

18वीं शताब्दी में सैमुअल हैनिमैन द्वारा विकसित और 19वीं शताब्दी में भारत लाई गई, होम्योपैथी सिमिलिया सिमिलिबस क्यूरेंचर यानी समान से समान का उपचार के सिद्धांत पर आधारित है। दशकों से एक समग्र और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए, यह भारत की बहुआयामी स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गई है।

जमीनी स्तर पर होम्योपैथी की सबसे बड़ी खूबी इसकी निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने की क्षमता है। कई पिछड़े इलाकों में स्वास्थ्य सेवा टुकड़ों में बिखरी हुई नहीं होती, बल्कि निरंतर और रिश्तों से सचालित होती है। होम्योपैथी का व्यक्ति-केन्द्रित उपचार का दृष्टिकोण, खासतौर पर पुरानी बीमारियों, बार-बार होने वाले संक्रमणों और जीवनशैली संबंधी विकारों के प्रबंधन के क्रम में चिकित्सक और रोगी के बीच दीर्घकालिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है। यह निरंतरता उपचार के प्रति रोगी के समर्पण और समग्र स्वास्थ्य से जुड़े नतीजों में उल्लेखनीय सुधार करती है। आज भारत में 290 से अधिक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हैं। साथ ही, देशभर में चिकित्सकों का एक विशाल नेटवर्क भी उपलब्ध है। फिर भी, होम्योपैथी के असली प्रभावों को संस्थानों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर - झारखंड के जनजातीय जिलों, छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में और हिमाचल प्रदेश की दूरदराज की बस्तियों में - बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। वहां एक अकेला चिकित्सक भी सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़े नतीजों में बदलाव ला सकता है।

होम्योपैथी की प्रमुख खूबियों में से एक इसकी सरलता भी है। दवाइयां किफायती होती हैं, इन्हें लाना-ले जाना आसान होता है और इनके भंडारण के लिए किसी जटिल भंडारण संरचना की जरूरत ही नहीं होती है। कमजोर आपूर्ति श्रृंखलाओं और सीमित स्वास्थ्य सेवा कर्मियों वाले इलाकों में, होम्योपैथी की ये विशेषताएं अनमोल हो जाती हैं।

जनजातीय समुदायों, जो हमारी आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और अक्सर बीमारियों का बेमेल बोझ झेलते हैं, के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सांस्कृतिक रूप से भी अनुकूल होना चाहिए। होम्योपैथी का सौम्य और गैर-आक्रामक रवैया पारंपरिक उपचार पद्धतियों के अनुरूप है, जिससे यह अपेक्षाकृत अधिक स्वीकार्य और सुलभ हो जाता है।

इसी क्षमता को पहचानते हुए, भारत सरकार ने होम्योपैथी को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाओं साथ जोड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत, 12,500 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) स्थापित किए गए हैं, जो सामुदायिक स्तर पर होम्योपैथी सहित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि होम्योपैथी भारत में गैर-संक्रामक रोगों से निपटने में भी योगदान दे रही है। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) ने मधुमेह, हृदय रोग और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों से निपटने से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रमों में होम्योपैथी को जोड़ा है। यह प्राथमिक देखभाल से परे इसकी प्रासंगिकता को दर्शाता है।

आपूर्ति के नए-नए मॉडल भी उतने ही उत्साहजनक हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के अंतर्गत सेवाओं के एक ही स्थान पर उपलब्ध होने की सुविधा ने पहुंच और विश्वास दोनों को बेहतर बनाया है। चलंत चिकित्सा इकाइयां जहां दूरदराज के इलाकों तक पहुंच रही हैं, वहीं सामुदायिक सहायता से जुड़ी पहलों और महामारी से निपटने से संबंधित कार्यक्रमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्यों में होम्योपैथी की अनुकूलता को प्रदर्शित किया है।

शायद सबसे कारगर मॉडल बुनियादी होम्योपैथी में प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का है। सही ज्ञान और रेफरल सिस्टम के सहयोग से, ये कार्यकर्ता न्यूनतम लागत पर स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार कर सकते हैं। स्वास्थ्य रक्षा जैसे कार्यक्रम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीसीआरएच) द्वारा संचालित संपर्क संबंधी पहलों ने पहले ही दिखा दिया है कि समुदाय-आधारित दृष्टिकोण सार्थक नतीजे दे सकते हैं।

भविष्य को देखते हुए, सतत स्वास्थ्य एवं कल्याण के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत, पुरानी बीमारियों का बढ़ता बोझ और रोगाणुरोधी प्रतिरोध जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने हेतु ऐसे समाधानों की जरूरत है जो न केवल कारगर हों बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से व्यवहारिक भी हों।

होम्योपैथी इस दृष्टिकोण के साथ स्वाभाविक रूप से मेल खाती है। इसके कम लागत वाले उपचार परिवारों और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों पर वित्तीय बोझ को कम करते हैं। जबकि इसका न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी कार्यप्रणालियों का समर्थन करता है।

अब हमारा ध्यान इन प्रयासों को व्यापक स्तर पर कार्यान्वित करने पर होना चाहिए। इन प्रयासों में कम सुविधा वाले क्षेत्रों में प्रशिक्षण को मजबूत करना, दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना, गहन अनुसंधान एवं दस्तावेजीकरण को बढ़ावा देना और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना शामिल है।

विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब भौगोलिक स्थिति या सामाजिक-आर्थिक हैसियत की परवाह किए बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रत्येक नागरिक तक पहुंचेगी। होम्योपैथी, अपने गहरे सामुदायिक जुड़ाव और टिकाऊ दृष्टिकोण के साथ, इस लक्ष्य को हासिल करने का मार्ग प्रशस्त करती है। हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की असली पहचान उसकी अत्याधुनिक सुविधाओं में नहीं, बल्कि हाशिए पर रहने वाले लोगों की सेवा करने की उसकी क्षमता में निहित है। जब एक सरल और किफायती उपाय किसी दूरदराज के गांव में एक परिवार को राहत पहुंचाता है, तो यह इस सशक्त विचार को पुष्ट करता है - कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं अधिक समावेशी, अधिक मानवीय और वास्तव में सार्वभौमिक होती जा रही हैं।

## आलेख

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पश्चिमी बंगाल अग्नि परीक्षा?

अजय दीक्षित

23 और 29 अप्रैल को होने वाले पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष महत्व रखते हैं इन चुनावों की उतनी ही अहमियत है जितनी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव की होती है बल्कि उससे इस मायने में अधिक है कि भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी बंगाल में अटलविहारी वाजपई के समय से जनाधार जुटाने में लगी है। अटलजी के मंत्री परिषद में तपन सिकदर पहली बार राज्य मंत्री 1999 में बने थे।तब से भारतीय जनता पार्टी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा है।2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 04 सीट मिली थी लेकिन 2016 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 03 सीट मिली पर वोट शेयर 10 फीसदी था ।तब पश्चिमी बंगाल में सीपीएम, कांग्रेस दूसरे और तीसरे स्थान पर थी । तृणमूल कांग्रेस सत्ता में बैठी और ममता बनर्जी दूसरी बार मुख्यमंत्री बनी। उस के बाद पश्चिमी बंगाल के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को गंभीरता से लिया और 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 39 फीसदी वोट और 42 में से 18 सीट मिली थी सीपीएम,कांग्रेस का एक एक सांसद चुना गया था यही से भारतीय जनता पार्टी की पश्चिमी बंगाल यात्रा शुरू हुई।सीपीएम का वोट शेयर मात्र 8 फीसदी पर आ गया और कांग्रेस का 03 फीसदी।2024 के लोकसभा और 2021 विधानसभा चुनाव में 77 विधायक जीतकर आए।वोट शेयर 39 फीसदी मिला । उल्लेखनीय यह रहा कि नंदीग्राम से भारतीय जनता पार्टी के नेता सुबेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हरा दिया। इन चुनावों में ममता बनर्जी ने बंगाल अस्मिता का मुद्दा उठाया और वह कामयाब रहा था लेकिन इस बार भाजपा ने रणनीत बदलकर ममता बनर्जी की सरकार को केंद्रित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव की अपने हाथ में ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता, मुर्शिदाबाद की रैली में राज्य के विकास, महिलाओं की स्थिति, सरकार का भ्रष्टाचार, तृणमूल कांग्रेस की मनमानी,को मुख्य रूप से उठाया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव बहुत मायने रखता है। पश्चिमी बंगाल से 2029 लोकसभा चुनाव का रास्ता निकलेगा। भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाहता कि 2029 में भाजपा अकेले दम पर 350 सीट जीते उसके लिए पश्चिमी बंगाल में 42 लोकसभा सीट पर भी उनकी नजर है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, और विद्या भारती,बनवासी कल्याण परिषद,सेवा भारती, संस्कृत भारती,आदि बुनियादी संगठनों का फैलाव भी इस विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। पश्चिमी बंगाल में अवैध मुस्लिम, बांग्लादेशी घुसपैठ,सीमांत प्रदेश होने के कारण सामरिक विषय भी मुख्य मुद्दा है। चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि अगर भारतीय जनता पार्टी 43 से 45 तक वोट शेयर करती है तो उसे पूर्ण बहुमत मिल सकता है। भारतीय जनता पार्टी का एक तबका चाहता है कि तुड़मूल के हिंदू समर्थक अगर जरा भी चेते तो बंगाल में सत्ता परिवर्तन करने से कोई रोक नहीं सकता। दूसरी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एस आई आर को मुख्य मुद्दा बनाया है। लेकिन इस मुद्दे हवा निकल रही है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने उनके अनुरोध को स्वीकार न्यायाधीश को काम पर लगाया है।मालदा में कुछ मुस्लिम ने उन पर ही हमला कर दिया है।अबकी बार चुनाव आयोग भी विशेष तैयारी से चुनाव कराने जा रहा है।उसने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा लगाया और उसकी देखभाल अनुविभागीय अधिकारी करेगा ।दो चरणों होने वाले चुनाव में बेहिसाब अर्धसैनिक बलों की तैनादगी की गई है। कोलकाता से प्रकाशित टाइम्स ऑफ इंडिया में शीतल पाल सिंह कहते हैं कि इस बार के चुनावों में ममता बनर्जी उतनी कॉन्फिडेंट नहीं है।वे कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी बहुमत आई तो राज्य का बुनियादी ढांचे बदलेगा । तपन दास गुप्ता जो बंगाल के प्रमुख प्रकाशित बंगाल टाइम्स में कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के लिए यह अच्छा है कि सीपीएम, कांग्रेस का कोई विशेष असर नहीं है लेकिन यह भी है कि मुस्लिम मतों का विभाजन नहीं हो रहा है जिससे ममता बनर्जी को लाभ होगा लेकिन इन पार्टियां के हिंदू समर्थक भारतीय जनता पार्टी को वोट देंगे। सुप्रसिद्ध चुनाव विशेषज्ञ यशवंत देशमुख का कहना है ममता बनर्जी की तुड़मूल सरकार से महंगाई, असुरक्षा, महिलाओं के उत्पीड़न से खुश नहीं है ।

# भारत की विकास गाथा के केंद्र में महिलाएँ

श्रीमती विजया रहाटकर

भारत की विकास गाथा को अक्सर संख्याओं, विकास दरों, अवसंरचना विस्तार और आर्थिक उपलब्धियों के रूप में व्यक्त किया जाता है। लेकिन, पिछले दशक का सबसे बड़ा बदलाव आँकड़ों से परे है। यह एक गहरे सामाजिक बदलाव में परिलक्षित होता है—महिलाओं का केवल भागीदार के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले अग्रिम व्यक्तियों के रूप में उभरना। महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर यह बदलाव न तो आकस्मिक है और न ही अलग-थलग है। यह एक सोच-समझकर किये गये सतत प्रयास का परिणाम है, जो जीवन के हर चरण में महिलाओं को समर्थन देने के लिए एक सक्षम इकोसिस्टम का निर्माण करता है। लड़की के जन्म से लेकर उद्यमी, पेशेवर, या सार्वजनिक प्रतिनिधि के रूप में उसकी यात्रा तक, यह दृष्टिकोण समग्र, सतत और परिवर्तनकारी रहा है। राजनीतिक भागीदारी में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया है। निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या 12,14,885 है, जिनकी कुल 24,41,781 निर्वाचित प्रतिनिधियों में हिस्सेदारी 49.75 प्रतिशत है—इस प्रकार, महिलाएँ जमीनी स्तर पर शासन में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इस क्रम में, नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी उपलब्धि है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। यह उच्च विधायी क्षेत्रों में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने में राष्ट्र की अडिग प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस ऐतिहासिक सुधार की वास्तविक क्षमता केवल इसके प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। अधिनियम की प्रावधानों को जल्द से जल्द लागू करने की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं की आवाज़ को सिर्फ मान्यता ही न मिले, बल्कि देश की लोकतांत्रिक संरचना में इसे संस्थागत रूप से समाहित किया जा सके। इसके जल्द लागू होने से न केवल समावेशी शासन को गति मिलेगी, बल्कि यह बेहतर प्रतिनिधित्व और न्यायसंगत राजनीतिक परिदृश्य के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में भी कार्य करेगा। दशकों तक, लैंगिक पक्षपात ने भारत के जनसांख्यिकीय और सामाजिक संकेतकों को प्रभावित किया। आज, वह कहानी धीरे-धीरे फिर से लिखी जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी पहलों ने गहरी जड़ें जमा चुकी मानसिकताओं को चुनौती देने और लड़की के मूल्य को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। इसका प्रभाव राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) में दिखाई देता है, जिसमें 1,000 पुरुषों पर 1,020 महिलाओं का लैंगिक अनुपात दर्ज किया गया है, जो सिर्फ संख्यात्मक सुधार ही नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी संकेत देता है। मिशन इंद्रधनुष जैसे कार्यक्रम जीवन के प्रारंभिक चरण में पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करते हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी, पोषण 2.0, तथा पोषण अभियान के प्रयास कुपोषण का समाधान करते हैं—यह मानते हुए कि स्वस्थ बचपन, सशक्त वयस्कता की ओर पहला कदम होता है। माताओं के लिए, संस्थागत समर्थन में काफी विस्तार हुआ है। पीएमएमवीवाई के तहत, 4.28 करोड़ से अधिक महिलाओं को 20,149 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गयी है, जो गर्भावस्था के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करती है। महिलाएं केवल भाग ही नहीं ले रही हैं—वे नेतृत्व भी कर रही हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में संस्थापक और निर्णयकर्ताओं के रूप में महिलाओं की भूमिका में लगातार वृद्धि हो रही है और वे नवाचार और उद्यम में भी योगदान दे रही हैं। इस परिवर्तन में वित्तीय समावेश ने अहम भूमिका निभाई है। पीएमएमवाई के तहत, 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 57.79 करोड़ ऋण प्रदान किए गए हैं, जिनमें लगभग 66 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। प्रत्येक ऋण केवल वित्तीय सहायता का ही नहीं, बल्कि महिलाओं की आकांक्षाओं में विश्वास का भी प्रतीक है। इसके पूरक रूप में, जन धन योजना के तहत वित्तीय समावेश और गहरा हुआ है, जिसके अंतर्गत 57.93 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें से 32.29 करोड़ (55.7 प्रतिशत) महिलाओं के हैं। जमीनी स्तर पर, परिवर्तन का पैमाना और भी अधिक प्रभावशाली है। लगभग 10 करोड़ महिलाओं को 90 लाख से अधिक स्वयं-सहायता समूहों में संगठित किया गया है, जिससे सामूहिक सहनशीलता, वित्तीय स्वतंत्रता और सामाजिक आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला है। इस इकोसिस्टम ने 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है और स्वयं सहायता समूहों को 12.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बैंक ऋण प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, 84 लाख ग्रामीण महिलाएं उद्यमी बन चुकी हैं, जबकि 5 करोड़ महिला किसानों ने उन्नत और सतत कृषि प्रथाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं। स्वाभाविक रूप से अगला सवाल उठता है—क्या सशक्तिकरण, आजीविका से समृद्धि की ओर बढ़ सकता है? लखपति दीदी जैसी पहलों का लक्ष्य आय सृजन को मजबूत करना है, जबकि ड्रोन दीदी पहल, जिसका लक्ष्य 15,000 महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित करना है, एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को परिलक्षित करती है—ग्रामीण महिलाओं को प्रौद्योगिकी-संचालित कृषि इकोसिस्टम में एकीकृत करना। सशक्तिकरण का मतलब रोजमर्रा के बोझ को आसान बनाना भी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10.56 करोड़ से अधिक धुँआ-रहित रसोई घरों ने स्वास्थ्य में सुधार किया है और कठिनाइयों को कम किया है।

# विकास के लिए बजट का घटना चिंताजनक

जयराम ठाकुर

सदन में स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा अपने पुराने बयान को गलत ठहराना इस बात का प्रमाण है कि या तो सरकार तथ्यों से अनभिज्ञ है या जानबूझकर भ्रम फैला रही है। प्रमुख क्षेत्र के बजट में लगातार कटौती हो रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, लोक निर्माण, ग्रामीण विकास का बजट घटा है बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं, नीयत और क्षमता का आईना होता है। और दुर्भाग्य यह है कि सुक्खू सरकार के बजट का आईना साल दर साल धुंधला होता गया और वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का यह आईना धुंधला ही नहीं विकृत दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट ने जितने प्रश्न खड़े किए हैं, उनके उत्तर देने से सरकार सिर्फ बचती और बरगलाती नजर आई। 'लंच ब्रेक' वाले सबसे लंबे बजट के साथ ही यह सबसे नीरस और तथ्यहीन बजट के रूप में जाना जाएगा। मंत्री और कांग्रेस के विधायक भी अधिकांश समय अपनी सीटों पर नहीं दिखे। सदन में मुख्यमंत्री का बार-बार खड़े होकर झूठ बोलना न ही उनके पद की गरिमा के लिए सही और न ही देवभूमि हिमाचल के लिए। ऐसा पहली बार हुआ कि मुख्यमंत्री के झूठ के खिलाफविपक्ष को प्रिविलेज मोशन लाना पड़ा। हमने अध्यक्ष महोदय को मुख्यमंत्री द्वारा सदन में बोले गए दर्जनों झूठ की फेहरिस्त सौंपकर कार्रवाई की मांग की। यदि न्यायपूर्ण तरीके से हमारी शिकायत को संज्ञान में लिया जाता तो हिमाचल में एक नया इतिहास बनता। लेकिन हिमकेयर के मुद्दे पर विपक्ष द्वारा बेनकाब किए जाने पर उन्होंने अपनी ही कही बात को गलत बताकर एक इतिहास रच दिया, जिसे फिर से सिर्फसुक्खू जी ही दोहरा सकते हैं। सबसे पहले, तथ्यों की बात। वर्तमान सरकार ने सदन में 54928 करोड़ रुपए का बजट अनुमान पेश किया, जो पिछले साल के बजट अनुमान 58514 करोड़ रुपए के मुकाबले 3586 करोड़ कम है। इस बजट में कुल राजस्व प्राप्तियों का लगभग 54 फीसदी हिस्सा केंद्र से आने वाला है। यानी आधे से अधिक संसाधन भारत सरकार के माध्यम से मिल रहे हैं। इसके बावजूद केंद्र और प्रधानमंत्री पर लगातार राजनीतिक हमले करना न झूठ है बल्कि अपनी मलामतों को छुपाने की बेशर्मी भर है। सरकारी दस्तावेजों की मानें तो हिमाचल प्रदेश को लगातार केंद्र से भरपूर सहयोग मिलता रहा है। बीते वित्तीय वर्ष तक हिमाचल को केंद्र सरकार से आरडीजी भी मिलती रही। आंकड़ों की



बात करूं तो 15वें वित्त आयोग की शुरुआत 2020-21 से होती है। हिमाचल प्रदेश को केंद्र द्वारा केंद्रीय हस्तांतरण, केंद्रीय करों में हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं में अनुदान और विशेष सहायता के तहत 50 साल के लिए ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वर्ष 2021-22 में 25350 करोड़ रुपए, 2022-23 में 23073 करोड़ रुपए, 2023-24 में 25815 करोड़ रुपए, 2024-25 में 25813 करोड़ रुपए, 2025-26 में 26540 करोड़ रुपए, 2026-27 में यानी आने वाले वर्ष में 25634 करोड़ रुपए हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार द्वारा मिलेंगे। दूसरा बड़ा मुद्दा- राजस्व और घाटे का असंतुलन। सरकार के अपने आंकड़े ही बता रहे हैं कि राजस्व वृद्धि अपेक्षित गति से नहीं हो रही, फिस्कल डेफिसिट लगातार बढ़ रहा है और सबसे गंभीर बात, कैपिटल एक्सपेंडिचर घटकर लगभग 3000 करोड़ रुपए के आसपास सिमट गया है। यह वही पूंजीगत व्यय होता है जिससे सडकें बनती हैं, अस्पताल खड़े होते हैं, रोजगार सृजित होता है और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। जब यही घट रहा हो, तो सवाल उठना स्वाभाविक है- विकास आखिर होगा कैसे? इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि सरकार जो विधानसभा में कैपिटल एक्सपेंडिचर का बजट अनुमान पेश करती है उससे भी कम खर्च करती है। कैग की रिपोर्ट कहती है कि 2024-25 के बजट अनुमान में राज्य सरकार ने 8768 करोड़ रुपए कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए रखे थे परंतु 5957 करोड़ ही खर्च हुए। यानी कि बजट अनुमान का 68 फीसदी ही व्यय हुआ। हम पूर्व सरकार के कार्यकाल की बात करें तो 2020-21 में कैपिटल एक्सपेंडिचर का 93 फीसदी, 2021-22 में 85 फीसदी और 2022-23 में 96 फीसदी व्यय हुआ था। सुक्खू सरकार के पहले वर्ष में यह आंकड़ा 83 फीसदी था। उससे भी हैरानी की बात कि सरकार द्वारा 40461 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया, जो मुख्य बजट के 70 फीसदी के बराबर है। मजे की बात यह है कि संसदीय कार्यमंत्री ऊपर से अनुपूरक बजट को 'क्लैरिकल मिस्टेक' बता रहे थे। सप्लीमेंट्री बजट ने तो सुक्खू सरकार के तीन जुमले व्यवस्था परिवर्तन, फाइनेंसियल डिसिप्लिन और प्रूडेंस की धज्जियां उड़ाकर रख दी। सुक्खू सरकार का पूरा मॉडल अब साफ तौर पर 'टैक्स और कर्ज' पर टिका नजर आता है। पेट्रोल और डीजल पर सेस लगाकर आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ डाला गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों- मध्य पूर्व संकट और तेल कीमतों के दबाव- के बावजूद केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में राहत दी थी। राज्य सरकार का यह कदम संवेदनहीनता का परिचायक है। इसी कड़ी में एंट्री टैक्स जैसे निर्णय भी व्यापार और उद्योग के लिए नकारात्मक संकेत देते हैं।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर रायपुर में उमड़ा श्रद्धा का जन सैलाब

## जीतो रायपुर चैप्टर के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया के नेतृत्व में गूंजा णमोकार का स्वर

**रायपुर( विश्व परिवार )।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (JITO) रायपुर चैप्टर के चेयरमैन श्री तिलोकचंद बरड़िया के मार्गदर्शन में आज विश्व नवकार महामंत्र दिवस का ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। विश्व के 120 देशों में एक साथ आयोजित इस महा-अनुष्ठान की कड़ी में, रायपुर के एम.जी. रोड स्थित दादाबाड़ी धाम में भक्ति और ऊर्जा का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन श्री तिलोकचंद बरड़िया ने जानकारी दी कि इस वैश्विक आयोजन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत के माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित हुए। रायपुर के इस भव्य आयोजन में श्री बरड़िया ने



मुख्य अतिथि रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी और जीतो अपैक्स दिल्ली से पधारीं श्रीमती नीता बुजरा जी का श्रीफल, शॉल एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। परम पूज्य श्री स्नेहयशा श्री जी म.सा. एवं अन्य गुरु भगवंतों के पावन सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने गुरुवंदना और प्रेरक प्रवचनों का लाभ उठाया। इसके पश्चात चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया सहित JITO रायपुर के पदाधिकारियों, लेडीज विंग, यूथ विंग, JBN और जैन समाज के 14 घटकों के प्रतिनिधियों ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी ने अपने संबोधन में इस गरिमामय आयोजन हेतु JITO के सभी पदाधिकारियों को साधुवाद दिया। उन्होंने नवकार मंत्र की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विश्व शांति और सद्भावना के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। जीतो लेडीज विंग की सचिव श्रीमती अंकिता बरड़िया ने बताया कि इस दिवस को यादगार बनाने के लिए रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से बच्चों और महिलाओं ने विश्व शांति का संदेश दिया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई और लगभग 60 आकर्षक पोस्टर बनाए, जिनकी प्रदर्शनी को आगंतुकों ने खूब सराहा साथ ही, 25 से अधिक प्रभावशाली रील्स की भी श्री तिलोकचंद बरड़िया व अन्य पदाधिकारियों ने प्रशंसा की और विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# 18 अप्रैल विश्व धरोहर सूची में जैन धरोहरों को शामिल करने की मांग

**जबलपुर/लखनऊ।** विश्व धरोहर दिवस (18 अप्रैल), जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल दिवस के रूप में भी जाना जाता है, के अवसर पर जैन धरोहरों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। इस संदर्भ में निर्ग्रंथ सेंटर ऑफ आर्कियोलॉजी, लखनऊ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. यतीश जैन द्वारा यूनेस्को को एक विस्तृत सुझाव पत्र प्रेषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस दिवस की शुरुआत वर्ष 1982 में International Council on Monuments and Sites (ICOMOS) द्वारा की गई थी, जिसे बाद में यूनेस्को ने वैश्विक मान्यता प्रदान की। इसका उद्देश्य विश्वभर की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वर्तमान में विश्वभर में लगभग 1200 धरोहर स्थल सूचीबद्ध हैं, जबकि भारत में 42 स्थल इस



सूची में शामिल हैं। डॉ. जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में जैन धरोहरों का विशेष स्थान है। जैन धर्म के मूल सिद्धांत—अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और आत्मसंयम—मानव जीवन को नैतिक एवं आध्यात्मिक दिशा प्रदान करते हैं। जैन धरोहर स्थल केवल धार्मिक आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि तप, त्याग, ज्ञान एवं अद्वितीय स्थापत्य कला के प्रतीक हैं। उन्होंने देश के विभिन्न महत्वपूर्ण जैन स्थलों का उल्लेख करते हुए बताया कि ये सभी यूनेस्को के मानकों पर खरे उतरते हैं। इनमें प्रमुख रूप से कर्नाटक का श्रवणबेलगोला, राजस्थान के दिलवाड़ा जैन मंदिर, गुजरात का शत्रुंजय पर्वत (पालिताना), गिरनार पर्वत, राजस्थान का रणकपुर जैन मंदिर, उत्तर प्रदेश का कंकाली टीला (मथुरा), ओडिशा की उदयगिरि-खंडगिरि गुफाएँ, मध्यप्रदेश का गोपाचल पर्वत (ग्वालियर) तथा सोनागिरि जैन तीर्थ शामिल हैं। इन स्थलों की ऐतिहासिकता, स्थापत्य उत्कृष्टता, सांस्कृतिक निरंतरता और आध्यात्मिक महत्व इन्हें विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के योग्य बनाते हैं।

# नवकार महामंत्र सामूहिक जाप का भव्य आयोजन, यह आयोजन प्रति माह होना चाहिए: मुनि श्री निष्पक्ष सागर

**रामगंजमंडी ( विश्व परिवार )।** रामगंजमंडी स्थित श्री वर्धमान जैन श्वेतांबर स्थानक में जीतो ( JITO) के आव्हान पर विश्व व्यापी नवकार महामंत्र जाप आयोजन प्रातः 8:01 बजे मंगल प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। वर्धमान डांगी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना को सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से दोहराया। इसके पश्चात सचिव सुनीता जैन, रीता पतिरा, लता मेहता एवं महिला मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। मनीष डांगी, लोकेश धूपिया ,ऐश्वर्या कीमती, अधिवक्ता विशाल जैन सहित नवयुवक मंडल ने सभी की स्वागत कर अगवानी की। तदुपरांत संघ अध्यक्ष सागरमल बिजावत ने प्रथम नवकार मंत्र उच्चारित कर महामंत्र के सामूहिक जाप का शुभारंभ करवाया, जो प्रातः 9:36 बजे सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के दिवंगत अध्यक्ष स्व.



रूपचंद चतर सहित समस्त दिवंगत आत्माओं की शांति एवं श्रद्धांजलि स्वरूप पांच नवकार मंत्र का अतिरिक्त पाठ भी किया गया। जेटीआर (जीतो टाउन रिप्रेजेंटेटिव) वीरेंद्र जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से यह आयोजन अत्यंत गरिमापूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि आज 108 नवकार महामंत्र जाप के साथ 201 सामूहिक सामायिक आराधनाएं सम्पन्न हुईं। नवकार आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर संघ सचिव अजीत पारख, रूपचंद जैन, ज्ञानचंद डांगी, तेजमल सराफ, पारस सेठी, प्रदीप चतर, अशोक बाबेल, सुनील जैन, अशोक जैन, राजकुमार बोथरा, हरेश पतिरा, संजय पतिरा, धर्मचंद सकलेचा, राजेंद्र मेहता, मंगल डांगी सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गौसेवा और प्राकृतिक खेती से राष्ट्रीय पहचान बना रहे डॉ. अखिल जैन

- मानद डॉक्टरेट समेत कई राष्ट्रीय सम्मान, हजारों किसानों को जोड़ा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खैरागढ़ के डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) गौसेवा, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर राष्ट्रीय पहचान बना रहे हैं। मनोहर गौशाला के जरिए उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया है। उनके कार्यों से हजारों किसान जुड़े हैं और देश-विदेश में इस मॉडल की चर्चा हो रही है।

डॉ. जैन को उनके काम के लिए अमेरिकन पेस यूनिवर्सिटी ने मानद डॉक्टरेट दिया है। उन्हें भारत सरकार के पशुपालन मंत्रालय से 'प्राणी मित्र अवॉर्ड', अहिंसा क्षेत्र में 'यति यतनलाल



सम्मान' और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर से 'उन्नत कृषक सम्मान' भी मिल चुका है। उन्होंने गोमूत्र आधारित उर्वरक 'फसल अमृत' और गोबर से बनी खाद का बड़े स्तर पर निशुल्क वितरण किया है।

इसके जरिए लाखों लीटर उर्वरक और तीन लाख क्विंटल से अधिक मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड खाद किसानों तक पहुंचाई गई। मनोहर गौशाला में पर्यावरण संरक्षण के तहत तालाब, मिनी फॉरेस्ट और गौ आधारित उत्पादों का विकास किया गया है। यहां 'चंद्रमणि गौ माता चिकित्सालय' का निर्माण भी जारी है। डॉ. जैन के प्रयासों से बड़ी संख्या में किसान प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं और गौ आधारित आत्मनिर्भर मॉडल को अपनाया जा रहा है।

# सीएम ने पूर्व विधायक पंडित रविशंकर त्रिपाठी की प्रतिमा का किया अनावरण



**रायपुर( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सरगुजा जिला प्रवास के दौरान अम्बिकापुर में पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक में भटगांव विधानसभा के पूर्व विधायक पंडित रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि पंडित रविशंकर त्रिपाठी जी का जीवन जनसेवा, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उनके विचारों और कर्मठता की जीवंत प्रेरणा है, जो आने वाली पीढ़ियों को समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने की दिशा दिखाती रहेगी।

## पशुओं में संक्रामक बीमारी से रोकथाम हेतु निःशुल्क टीकाकरण महाअभियान

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जिले में पशुओं को खुरहा-चपका (एफ.एम.डी.) जैसी संक्रामक बीमारी से बचाने के लिये पशुधन विकास विभाग द्वारा 15 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक डोर टू डोर निःशुल्क टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में कुल 3 लाख 78 हजार 720 पशुओं का टीकाकरण किया जाना है। अब तक कुल 73479 पशुओं को टीकाकरण किया जा चुका है। इस अभियान का उद्देश्य पशुओं को गंभीर संक्रमण से सुरक्षित रखना है। खुरहा-चपका रोग से पशुओं में बुखार, मुंह में लार आना, खुर और मुंह में फफोले, लंगड़ाना तथा दुग्ध उत्पादन में कमी जैसे लक्षण दिखाई देते है।

# अखिल भारतीय रेल क्रिकेट प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम उपविजेता

**बिलासपुर( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम ने अखिल भारतीय रेल क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में टीम ने मेट्रो रेलवे के विरुद्ध शानदार संघर्ष का परिचय दिया और द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का लीग चरण चेन्नई में तथा नॉकआउट चरण मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर की विभिन्न रेलवे टीमों ने भाग लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का



प्रभावशाली सफर तय किया।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम ने पिछले चार वर्षों में तीन बार फाइनल में स्थान बनाकर पदक सुनिश्चित किया है, जिसमें एक स्वर्ण पदक एवं दो रजत पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल भावना को दर्शाती है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपरांत आज टीम के खिलाड़ियों ने महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश से शिष्टाचार भेंट की।

# राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, दीप व मंत्र उच्चारण के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

- प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाए

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी बनाना सुनिश्चित करें। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज ग्राउंड, रायपुर में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों के प्राचार्यों की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन आज स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होंने सभी प्राचार्यों से अपेक्षा की गई कि वे डॉ. भीमराव अंबेडकर के समान समता, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय के मूल्यों को आत्मसात करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दें तथा राज्य के शिक्षा स्तर को नई ऊंचाइयों तक



पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, दीप मंत्र एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी के उल्लेख से करते हुए उनके संघर्षों एवं नागरिकों को समान अधिकार दिलाने में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्यभर के लगभग 751 विद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी बनाना रहा। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए लक्ष्य निर्धारण, NEET एवं JEE जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों की भागीदारी एवं सफलता बढ़ाने की रणनीति, पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया, अंग्रेजी भाषा दक्षता में सुधार, पीटीए बैठकों की समीक्षा तथा पालक-अधिकारियों की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

# त्रिवेणी जैन तीर्थ जैन भवन सेक्टर 6 में विश्व नवकार दिवस पर सामूहिक महामंत्र का हुआ जाप

**भिलाई।** आज श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 जैन भवन में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर भगवान महावीर स्वामी के छायाचित्र के समक्ष के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा मंगलदीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किए परम पूज्य आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज जी की शिष्य परम पूज्य 105 अदूरमाती माताजी और परम पूज्य 105 श्री शेलमति माताजी के सानिध्य में णमोकार महामंत्र का जाप भक्तों ने किया

जैन भवन सेक्टर 6 त्रिवेणी जैन तीर्थ मंदिर में हजारों जैन भक्तों के द्वारा जीतो संस्था के सहयोग से जैन मिलन ,जैन ट्रस्ट, जैन महिला क्लब और सभी जैन मंदिर के आमनाओं के माता बहनों द्वारा 48 मिनट के सामूहिक नवकार मंत्र प्रातः 7:45 से 9:15 तक किया गया था। इस अवसर पर जैन ट्रस्ट के प्रमुख दानमल पोरवाल जी ,मूलचंद जैन



मुकेश जैन ,गौतम चंद जीजैन , निर्मल कोचर ज्ञानचंद जी जैन दो जिनेंद्र जैन डॉ आशीष जैन ज्ञानचंद बाकलीवाल संजीव रवि कासलीवाल भागचंद जैन डॉक्टर जिनेंद्र जैन संतोष जैन ,प्रदीप जैन बाकलीवाल प्रशांत जैन हुकुमचंद ओसवाल कमल जैन किशोर कोठारी जी वीरेंद्र पोगलिया आनंद संजय चतुर अनुपम जैन राजेश जैन प्रखर जैन अशोक जैन संतोष जैन अनिल जैन प्रकाश जी जैन जिनेंद्र सुराणा सुनील जैन संजय जैन वरुण जैन अमित जैन अनिल जैन जितेंद्र जैन एवं जैन महिला क्लब के प्रतिनिधि णमोकार महामंत्र में शामिल थे

दानमाल आज जी ने कहा कि णमोकार महामंत्र की बहुत महिमा है इसके मंत्र का जाप करने से हमारे मन में एक नई चेतना का आभास और सुख शांति का एहसास होता है आप प्रतिदिन नियम से 10 मिनट णमोकार महामंत्र का जाप करें। पूज्य माताजी ने णमोकार मंत्र की महिमा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि आप सभी अपने जीवन को आत्मसात करने के लिए अपने बच्चों और अपने परिवार के साथ प्रतिदिन णमोकार महामंत्र का जाप करें। आज विश्व में जो पेट्रोलियम पदार्थ को लेकर लड़ाई खाड़ी देशों में चल रही है उसका समाधान भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म और जिए और जीने दो संदेश के साथ णमोकार महामंत्र की शक्ति से ही इसका समाधान हो सकता है देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने भी णमोकार मंत्र की महिमा दिल्ली के धर्म सभा में बताते हुए कहा कि जैन धर्म के भगवान महावीर स्वामी के जिन शासन में णमोकार महामंत्र से हमारे शरीर को शांति और शक्ति के साथ हमारे धर्म शिक्षा संस्कार में वृद्धि तो होती है और साथ ही एक अहिंसा और प्रेम सद्भावना की अनुभूति के साथ आत्मिक शांति का अनुभव भी हमें प्राप्त होता है। आप सभी णमोकार मंत्र का अवश्य जाप करें मूलचंद जैन ने भी कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी णमोकार मंत्र का बहुत गहराई से अहिंसा धर्म के मूल सिद्धांतों का अध्ययन किया है प्रदीप जैन बाकलीवाल ने कहा कि आज जैन मिलन जैन ट्रस्ट और जैन महिला क्लब के साथ सभी जैन मंदिर के भक्तों ने सामूहिक णमोकार मंत्र का जाप करके विश्व को संदेश दिया है कि णमोकार महामंत्र की अपनी अभूतपूर्व महिमा है, महामंत्र के जाप.मन को शांति और संयम का वास शरीर में होता है . श्रीमती किरण जैन श्रीमती नीना जैन ने मंगलाचरण किया संजीव कासलीवाल जीतो संस्था ने बताया कि राष्ट्र में जीतो की संस्था द्वारा प्रतिवर्ष यह अभियान जारी है मुकेश जैन संजय चतुर भागचंद जैन डॉक्टर जिनेंद्र जैन के साथ अपना वक्तव्य सभा में दिए थे।

छत्रपति संभाजीनगर में 'विश्व नवकार महामंत्र' दिवस पर रचा इतिहास

# एक ही छत के नीचे 5000 श्रद्धालुओं के जप से गूंज उठा शहर

**छत्रपति संभाजीनगर।** 'विश्व नवकार महामंत्र' दिवस के अवसर पर आज छत्रपति संभाजीनगर ने आध्यात्म और एकता के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा। शहर के मध्य स्थित हिराकाका प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम में एक ही समय पर 5000 से अधिक जैन एवं अन्य श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर महामंत्र का सामूहिक जप किया। विशेष बात यह रही कि इस आयोजन के माध्यम से वैश्विक स्तर पर चलाए गए 1351 करोड़ नवकार महामंत्र जप संकल्प की पूर्णता की घोषणा की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

सकल जैन समाज, जितो चैप्टर फाउंडेशन और नवकार



फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह उत्साह के साथ हुई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली से इस अभियान में जुड़ते हुए नवकार पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विश्व कल्याण के लिए सभी एकजुट हों इस आह्वान का प्रतिसाद देते हुए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग सफेद वस्त्र पहनकर अनुशासित रूप से जप में शामिल हुए। 5000 लोगों की एकाग्रता और 'नमोकार' के जयघोष से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

गरियाबंद

रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026



## संक्षिप्त समाचार

### मिशन गांव चलो अभियान से कांग्रेस को बढ़त, बीजेपी को झटका



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले में चल रहे मिशन गांव चलो अभियान के तहत कांग्रेस की सक्रियता बढ़ती नजर आ रही है। गांव-गांव पहुंचकर जनता से सीधा संवाद करने की रणनीति से पार्टी को जनसमर्थन मिल रहा है। अभियान के दौरान कई स्थानों पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, जिससे स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस पदाधिकारी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर किसानों, युवाओं और महिलाओं की समस्याएं सुन रहे हैं और समाधान का भरोसा दिला रहे हैं। नए शामिल हुए कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे कांग्रेस की नीतियों और जमीनी सक्रियता से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस अभियान से आने वाले समय में जिले के राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। लगातार हो रहे दल-बदल से दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच प्रतिस्पर्धा और तेज हो गई है।

### सुकमा में किसानों को बड़ी राहत, निर्धारित दर पर मिलेगा गुणवत्तायुक्त उर्वरक

**सुकमा।** जिले के किसानों को समय पर निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त और प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी, गैर कृषि उपयोग, अधिक कीमत पर विक्रय एवं अमानक उर्वरकों की बिक्री जैसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। यदि कोई व्यक्ति या फर्म उर्वरक संबंधी अवैध कार्यवाही में संलिप्त पाई जाती है तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**किसानों की सुविधा हेतु नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) गठित-** किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने और जिले में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 07864284151 जारी किया गया है, जिस पर किसान अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।

**अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी तय, सीधे कर सकेंगे संपर्क-** किसानों को हर स्तर पर सहायता देने के लिए प्रशासन ने जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं—डॉ. जितेश कुमार बघेल नियंत्रण कक्ष प्रभारी - 9340252953, भीम जायसवाल उप प्रभारी - 8349071266, सी.के. बोरकर (सहायक नोडल अधिकारी) 7587795821, शेख गुलाम (सदस्य) - 9479217111

**प्रशासन की सख्ती से किसानों को मिलेगा लाभ-** जिला प्रशासन का यह कदम किसानों के हित में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब उर्वरक की उपलब्धता, गुणवत्ता और उचित मूल्य पर विक्रय को लेकर सतत निगरानी की जाएगी।

## करोड़ों की योजना पर ताला: उजाड़ पड़े रीपा केंद्र, महिलाओं के सपनों पर धूल!

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए रीपा (RIPA) केंद्र आज बदहाली की मार झेल रहे हैं। कभी जिन भवनों में महिलाओं के हुनर, आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण के सपने बुने गए थे, आज वहां सन्नाटा पसरा है। वीरान पड़े मकान, जर्जर होते शेड और उग आई झाड़-झंखाड़ इस बात की गवाही दे रहे हैं कि योजना जमीन पर दम तोड़ चुकी है।

पूर्व शासनकाल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जिले के कई गांवों में रीपा केंद्र स्थापित किए गए थे। इन केंद्रों में सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प जैसे कार्यों के जरिए महिलाओं को आय का साधन उपलब्ध कराने की योजना थी।

लेकिन आज स्थिति यह है कि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए ये केंद्र उपयोग के अभाव में खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं।

ग्रामीण इलाकों में बने कई रीपा केंद्रों के दरवाजे महीनों से बंद हैं।

कहीं भवनों की दीवारें दरक रही हैं कहीं शेड में झाड़ियां उग आई हैं तो कहीं ताले जंग खा चुके हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरुआत में कुछ गतिविधियां जरूर हुईं, लेकिन धीरे-धीरे यह पूरी योजना ठप हो गई।



कुछ ग्रामीणों का मानना है कि महिलाएं घरेलू जिम्मेदारियों के चलते केंद्रों से दूर हो गईं।

लेकिन बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि— क्या महिलाओं को पर्याप्त प्रशिक्षण मिला?

क्या उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराया गया?

क्या प्रशासन ने नियमित निगरानी की?

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि समय-समय पर प्रशिक्षण, मार्केट लिंक और प्रोत्साहन मिलता, तो ये केंद्र आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन सकते थे।

इस पूरे मामले में सबसे बड़ी लापरवाही संबंधित विभागों की नजर आ रही है।

**मॉनिटरिंग का अभाव-** समूहों को सक्रिय रखने की कोई ठोस योजना नहीं

योजनाओं के क्रियान्वयन में निरंतरता की कमी

यही कारण है कि करोड़ों की यह परियोजना धीरे-धीरे निष्क्रिय होती चली गई।

रीपा केंद्रों की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

लोगों का कहना है कि: यदि समय रहते इन केंद्रों को पुनः चालू नहीं किया गया, तो करोड़ों रुपए का यह निवेश पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा।

जांच और जवाबदेही तय करने की मांग अब तेज होती जा रही है। रीपा केंद्रों की वर्तमान स्थिति शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यदि जल्द ही—

पुनः संचालन, प्रशिक्षण व्यवस्था बाजार से जोड़ने की पहल, नियमित निगरानी जैसे ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह महत्वाकांक्षी योजना सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह जाएगी।

रीपा केंद्र सिर्फ भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सपनों का आधार थे। आज उनकी बदहाली यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या योजनाएं बनाना ही काफी है, या उन्हें जमीन पर सफल बनाना भी उतना ही जरूरी है?

## नक्सलवाद की 'शव यात्रा' निकालकर शांति का संदेश, लोगों ने जताई खुशी




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नक्सलवाद के खात्मे और शांति स्थापना के संदेश को लेकर जिले में एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला, जहां 'नक्सलवाद की शव यात्रा' निकालकर लोगों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए। गांधी मैदान से तिरंगा चौक तक निकली इस रैली में प्रतीकात्मक अर्थी उठाकर नक्सलवाद मुर्दाबाद और शांति ही विकास का रास्ता जैसे नारे लगाए गए।

आयोजकों का कहना था कि वर्षों से नक्सलवाद ने क्षेत्र को भय और पिछड़ेपन में जकड़ रखा था, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं और जनता शांति और विकास की ओर बढ़ना चाहती है।

वक्ताओं ने सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नक्सलवाद अब कमजोर पड़ रहा है और कई क्षेत्रों में इसका प्रभाव समाप्ति की ओर है।

यह आयोजन केवल विरोध नहीं, बल्कि एक सकारात्मक संदेश था कि अब छत्तीसगढ़ शांति, शिक्षा और विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है।

### नक्सल दंश के अंधेरे से पक्के मकान की रौशनी तक

**सुकमा।** नक्सल प्रभावित इलाकों में वर्षों से भय, हिंसा और असुरक्षा के बीच जीवन बिताने को मजबूर कई परिवारों के लिए अब शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं आशा की किरण बनकर सामने आ रही हैं। सुकमा जिले के केरलापाल क्षेत्र की निवासी अनिशा वर्मा की कहानी इसी बदलाव की सशक्त मिसाल है, जहां कलेक्टर अमित कुमार और जिला सीईओ मुकुंद ठाकुर के संवेदनशील पहल ने एक पीड़ित परिवार को फिर से सम्मान और सुरक्षा का जीवन प्रदान किया है।

**साल 2017: जब उजड़ गया हंसता-खेलता परिवार-** वर्ष 2017 अनिशा वर्मा के जीवन का सबसे दर्दनाक अध्याय बनकर आया। नक्सलियों ने मुखबिरी के झूठे शक में उनके पुत्र करण वर्मा की कोयाबेकुर चौक पर गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे परिवार को मानसिक सदमे में डाल दिया और भय का ऐसा माहौल बना कि वर्षों तक यह परिवार एक कच्चे मकान में असुरक्षा के बीच जीवन जीने को मजबूर रहा।

शासन की संवेदनशील पहल: विशेष परियोजना से मिला पक्का आवास- पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत विशेष परियोजना के तहत वर्ष 2024 में अनिशा वर्मा (पति संजय वर्मा) के नाम से आवास स्वीकृत किया गया।

## कलेक्टर के आदेश की धज्जियां: देर रात तक धड़ल्ले से अवैध मिट्टी उत्खनन, प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले में प्रशासनिक सख्ती के दावों के बावजूद अवैध मिट्टी उत्खनन का कारोबार बेलगाम जारी है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बाद भी देर रात तक भारी मशीनों के जरिए खुलेआम मिट्टी की खुदाई और परिवहन किया जा रहा है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



जानकारी के अनुसार, नगर में पैरी कॉलोनी से सर्किट हाउस तक बन रही फोर-लेन सड़क के निर्माण कार्य में उपयोग के लिए नया तालाब से अवैध रूप से मिट्टी निकाली जा रही है। यह पूरा काम रात के अंधेरे में चैन माउंटेन मशीनों और हाइवा वाहनों के माध्यम से किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब तब हो रहा है जब कलेक्टर द्वारा बिना अनुमति किसी भी प्रकार के उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध और शाम 6 बजे के बाद सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जा चुके हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रातभर मशीनों और भारी वाहनों की आवाज से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। कई बार प्रशासन से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे खनन माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के अवैध उत्खनन से न केवल भूमि का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, बल्कि भूजल स्तर पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही शासन को राजस्व का भारी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

कानूनी दृष्टि से भी यह मामला बेहद गंभीर है। सरकारी आदेश की अवहेलना भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत अपराध है, जबकि अवैध उत्खनन धारा 379 के अंतर्गत चोरी की श्रेणी में आता है। इसके अलावा माइनिंग एक्ट 1957 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत भी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले में मौन क्यों हैं? क्या खनन माफियाओं को किसी प्रकार का संरक्षण प्राप्त है, या फिर प्रशासनिक उदासीनता इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है?

यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह अवैध उत्खनन का खेल और विकराल रूप ले सकता है। अब जरूरत है कि प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करे और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि कानून का पालन हो सके और पर्यावरण तथा राजस्व की रक्षा की जा

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला–मानपुर–अं.चौकी(छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत 25 महोत्सव गौरव उत्सव स्वर्णिम संकल्प

✉ E-mail - eemohla-phe@cg.gov.in

//ई–प्रोक्योरमेंट//

निविदा आंत्रण सूचना (रिस्क एंड कास्ट)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र–"अ" में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला–मानपुर–अं.चौकी के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में **रिस्क एवं कास्ट** में अधूरे छोड़े कार्य जिसमें UPVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्युल अनुसार) की निविदाए दिनांक 06.04.2026 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 13.04.2026 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 27.04.2026 (शाम 5:30 बजे) तक है।

निविदा में जारी एस.ओ.आर. **PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 05/2021.22 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू समस्त संशोधन सहित पर तैयार किया गया है।**

| क्रं. | निविदा कंमाक | सिस्टम कंमाक | विकासखण्ड | योजना/ग्राम का नाम | निविदा की लागत (रू.लाख में) | निविदा आंमत्रण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 188528 | चौकी | कातुलवाही | 28.03 | द्वितीय |
| 2 | 2 | 188529 | चौकी | पांगरी, खैरी, मांझीटोला | 52.82 | द्वितीय |
| 3 | 3 | 188530 | चौकी | मुंजाल, झिटिया, खड़खड़ी | 61.38 | द्वितीय |
| 4 | 4 | 188531 | मोहला | बोदाल, जोबटोला, दनगढ़, कुम्हली | 111.39 | द्वितीय |
| 5 | 5 | 188532 | मोहला | शेरपार, ककईपार, चांपाटोला | 72.28 | द्वितीय |
| 6 | 6 | 188533 | मानपुर | गोटुलमुंडा | 21.51 | प्रथम |
| 7 | 7 | 188534 | मानपुर | कनेली, कोरकट्टी, हनईकलकला | 21.53 | प्रथम |
| 8 | 8 | 188535 | मानपुर | घोटिया | 75.57 | प्रथम |

G-262700086/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
मोहला–मानपुर–अं.चौकी (छ.ग.)

## पैरी घूमर नहर निर्माण में बड़ा घोटाला! घटिया सामग्री और चोरी के रेत से हो रहा काम

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले में करोड़ों की लागत से बन रही पैरी घूमर नहर परियोजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। किसानों तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से बनाई जा रही इस महत्वाकांक्षी योजना में घटिया निर्माण, अवैध रेत और गुणवत्ता से समझौते के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

जिले में पैरी घूमर से निकलने वाली नहर के निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का मामला उजागर हुआ है। नहर के बीच नाला आने के कारण बनाए जा रहे दौंद (क्रॉस ड्रेनेज स्ट्रक्चर) में गुणवत्ता विहीन कार्य किए जाने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि निर्माण कार्य में न केवल घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है, बल्कि अवैध तरीके से नजदीकी नाले से रेत निकालकर उसका उपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद 30 किलोमीटर लंबी नहर में बनाए जा रहे 16 दौंदों में गंभीर खामियां देखी जा रही हैं। निर्माण के दौरान सीमेंट की मात्रा बेहद कम डाली जा रही है, जिससे इन संरचनाओं की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो यह पूरी नहर परियोजना भविष्य में क्षतिग्रस्त हो सकती है।



सबसे चिंताजनक बात यह सामने आई है कि निर्माण में उपयोग की जा रही रेत नजदीकी नाले से चोरी कर लाई जा रही है। यह रेत मिट्टी युक्त है और निर्माण के मानकों के पूरी तरह विपरीत है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी सामग्री से बनी संरचनाएं लंबे समय तक टिक नहीं सकतीं और कभी भी ढह सकती हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में उपयोग किए जा रहे सीमेंट, कंक्रीट और अन्य सामग्री की तत्काल जांच कराई जाए। उनका कहना है कि ठेकेदार लागत बचाने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं, जिससे किसानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

इस पूरे मामले में प्रशासन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण मिल रहा है।

ग्रामीणों और किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह नहर उनके जीवन और खेती का आधार है, और इसके साथ किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मुख्य सचिव ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के क्रियान्वन की समीक्षा

# जनता से जुड़ी सभी सेवाएं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के दायरे में हो : मुख्य सचिव






**रायपुर (विश्व परिवार)।** विकासशील ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके विभाग के अंतर्गत ऐसी सभी सेवाएं जो सीधे जनता से जुड़ी है, उन सभी सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित की जाये तथा अधिसूचित सेवाओं को ऑनलाईन किया जाये। समय सीमा में सेवाओं का लाभ हितग्राही को दिया जाए। समय सीमा में सेवाएं यदि नहीं दी जाती हैं तो संबधित अधिकारी को उत्तरदायी ठहराया जायेगा और उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों के भारसाधक सचिव की बैठक लेकर विभागों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत विभागीय सेवाओं के क्रियान्वन समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जनता से जुड़ी सभी शासकीय सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर सेवाएं प्रदान करना हैं। मुख्य सचिव ने प्रत्येक विभाग के अंतर्गत लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की । मुख्य सचिव ने अधिकारियों के कहा कि वे अपने विभाग के अंतर्गत और सेवाएं जो अधिनियम के अंतर्गत लायी जा सकती है, उन्हे चिन्हित कर अधिसूचित करना सुनिश्चित करें और सुशासन एवं अभिसरण विभाग को इसकी सूची उपलब्ध कराएं। बैठक में बताया गया की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लोक सेवा की प्रभावी क्रियान्वन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही हैं। मुख्य सचिव ने प्रस्तुतिकरण के जरिए विभिन्न विभागों के अधिकारियो को विभागीय सेवओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में लाने के लिए मार्ग दर्शन दिया। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव श्री राहुल भगत ने प्रस्तुतिकरण के जरिए विभिन्न विभागों की लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

# बीरगांव निगम ने कोटपा अधिनियम के तहत की कार्रवाई, 13 दुकानदारों पर लगाया जुर्माना





**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य संरक्षण एवं नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु सख्त कार्रवाई की गई। जिला कलेक्टर की टी.एल. बैठक एवं एन-कार्ड बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा निगम आयुक्त श्री युगल किशोर उर्वशा के आदेशानुसार निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सघन जांच अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 39, 37, 31, 21, 32 एवं 25 में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 13 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 1300 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही, स्कूल एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में संचालित दुकानों को तत्काल हटाने की सख्त चेतावनी दी गई। इन उल्लंघनों पर हुई कार्रवाई के दौरान निम्नलिखित उल्लंघनों पर विशेष ध्यान दिया गया— सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को बढ़ावा देने वाली वस्तुएं (माचिस, एशट्रे, लाइटर आदि) रखना। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान कराना/अनुमति देना। नियमानुसार निर्धारित धूम्रपान कक्ष/क्षेत्र का निर्माण नहीं करना। शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री। नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है संबंधी सूचना प्रदर्शित नहीं करना। शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू बिक्री प्रतिबंध की सूचना प्रदर्शित नहीं करना। उपरोक्त उल्लंघनों के लिए संबंधित प्रतिवादियों पर प्रति प्रकरण 100 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## बोरियाकला में दो दिवसीय जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी से लगे ग्राम बोरियाकला में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जसगीत एवं



झांकी प्रतियोगिता का आयोजन श्री जय माँ ज्वाला जस मानस परिवार व समस्त ग्रामवासी बोरियाकला के तत्वावधान में 11 एवं 12 अप्रैल को किया जाएगा जिसमे राजधानी के अलावा अन्य जिलों से भी मण्डली प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होगी उक्त कार्यक्रम में प्रवेश शुल्क सभी वर्गों हेतु 200 रुपये रखी गई है इच्छुक मंडलियां अपना एंट्री गोपी साहू के पास के करा सकती है सम्पर्क नम्बर 8827023157 है। प्रतियोगिता में मंचस्त मण्डली को सदाबहार राशि 1500 रुपये आयोजक समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा साथ ही पुरुस्कार विवरण इस प्रकार है ,झांकी प्रथम 7001 द्वितीय 6001,तृतीय 5001,चतुर्थ 4501,पंचम 4001,षष्टम 3501,सप्तम 3001 रुपये,पुरूष गायन वर्ग प्रथम 5001,द्वितीय 4501,तृतीय 4001चतुर्थ 3501,पंचम 3001,षष्टम 2501,सप्तम 2001 रुपये इसी प्रकार महिला गायन वर्ग प्रथम 5001द्वितीय 4501,तृतीय 4001,चतुर्थ 3501,पंचम 3001,षष्टम 2501,सप्तम 2001 रुपये रखी गई है।

# मैक में नि:शुल्क 40 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक), रायपुर के MAIC द्वारा मैक सॉलिटेयर 2026 नामक 40 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मविश्वास का विकास करना तथा उनके व्यक्तित्व को निखारना है। महाविद्यालय द्वारा सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत गृहिणियों एवं युवतियों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उन्हें विभिन्न कौशलों से सशक्त बनाया जाएगा। कार्यक्रम में 75त्न उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के चेयरमेन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमेन राजेश अग्रवाल, सेक्रेटरी श्रीमती सरिता अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी तथा उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जुम्बा एवं डांस, सेल्फ डिफेंस, खेल, आर्ट एवं क्राफ्ट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, ड्रेसिंग एथिक्स, पारिवारिक एवं जीवन संतुलन, नेतृत्व विकास, योग एवं ध्यान, आउटडोर गतिविधियां, स्वास्थ्य जागरूकता, वित्तीय योजना तथा AI-युग में ChatGPT जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम दिनांक ''10 अप्रैल से 20 मई 2026'' तक प्रतिदिन ''सायं 4ः00 बजे से 5.30 बजे तक'' आयोजित किया जाएगा। पंजीकरण शुल्क 250 निर्धारित किया गया है।

# स्वास्थ्य एवं किसान जागरूकता अभियान के साथ आशा संकल्प वेलफेयर फाउंडेशन का 18वां स्थापना दिवस भव्य रूप से संपन्न

- पुरन्दर मिश्रा की उपस्थिति में 'स्वस्थ परिवार- समृद्ध भारत' का संकल्प हुआ और सशक्त



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका में आशा संकल्प वेलफेयर फाउंडेशन संस्थान के 18वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य एवं किसान जागरूकता अभियान का आयोजन प्रकाश पैलेस में अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुरन्दर मिश्रा का फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के सीएमडी मनमोहन कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि संस्था का 18वां स्थापना दिवस आज छत्तीसगढ़ में बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने संस्था द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता, किसान सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विधायक श्री मिश्रा का आभार व्यक्त किया। स्वस्थ परिवार -समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु आयोजित इस अभियान में किसानों को उन्नत एवं ज़हर मुक्त खेती के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और यहां के किसानों की समृद्धि राज्य के विकास की आधारशिला है। उन्होंने किसानों की आय वृद्धि एवं बेहतर धान उपार्जन के लिए फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और आश्वस्त किया कि सरकार सदैव ऐसे सामाजिक संगठनों के साथ खड़ी है। विधायक श्री मिश्रा ने आगे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 ङ्क विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में समाज के प्रत्येक वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से नशामुक्त समाज के निर्माण और मोबाइल फोन के सदुपयोग का संदेश भी दिया तथा कहा कि मैं और हमारी सरकार सदैव आपके साथ है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा एवं सीएमडी श्री मनमोहन कुमार द्वारा संस्था के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रोहित कुमार साहू को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष रूप से 1 लाख रुपये का चेक एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# टीन शेड लगाकर नाली पर अतिक्रमण, निगम ने हटाकर सफाई अभियान चलाया

- बड़ी मात्रा में मलबा और गन्दगी निकली, निकास सुगम बनाया गया



**रायपुर( विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह सहित कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन कुमार ताण्डी की उपस्थिति में जोन 3 अंतर्गत शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 क्षेत्र के अंतर्गत शंकर नगर में एक स्थान पर नाले पर टीन शेड लगाकर किये गए अतिक्रमण और सफाई में लगातार आ रही बाधा के सम्बंधित स्थल का प्रत्यक्ष अवलोकन किया. स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी को लेकर किये गए अवलोकन के दौरान विगत लम्बे समय से नाले पर अतिक्रमण कर सफाई में बाधा को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर आयुक्त और जोन 3 जोन कमिश्नर ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल टीन शेड हटाकर नाला को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर सफाई की बाधा दूर कर नाला सफाई अभियान चलाकर करने और गन्दे पानी की सुगम निकासी कायम करने के निर्देश दिये. जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने टीम लगाकर तत्काल टीन शेड हटवाकर नाला अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया।

# निरस्त ट्रेनों को किया गया रिस्टोर



**रायपुर( विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत अकलतरा (ङ्मञ्ज) स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग (ह्लढ्ढ) कार्य के कारण पूर्व में निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई यात्री ट्रेनों को अब रिस्टोर किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्न विभिन्न पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन पुन: प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह बहाली निर्धारित अवधि के दौरान चरणबद्ध रूप से की गई है।

गाड़ी संख्या 68737 (रायगढ़-बिलासपुर) मेमू को 10.04.2026 से 11.04.2026 तक के लिए रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 68738 (रायगढ़-बिलासपुर) मेमू को 10.04.2026 से 11.04.2026 तक रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 68736 (रायगढ़-बिलासपुर) मेमू को 10.04.2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 68735 (रायगढ़-बिलासपुर) मेमू को 11.04.2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 68746 (रायपुर-गेवरारोड) मेमू को 10.04.2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 68745 (गेवरारोडङ्करायपुर) मेमू को 11.04.2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 58204 (रायपुर-कोरबा) पैसेंजर को 10.04.2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 58203 (कोरबा-रायपुर) पैसेंजर को 11.04.2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

# तीनों चुनावी राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी : दीपक बैज



**रायपुर (विश्व परिवार)।** असम, केरल और पांडिचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए हुए मतदान में प्रचंड बहुमत का दावा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि तीनों ही राज्यों में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है, आम जनता का स्पष्ट रुझान कांग्रेस के पक्ष में है और इन तीनों राज्यों में ही कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के अहंकार को इन राज्यों की जनता ने मुंहतोड़ जवाब देने का मन पहले ही बना लिया था, जनता का रुझान कांग्रेस के साथ है और परिणाम भी उसी के अनुरूप आयेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत और उनकी पत्नी के खिलाफ भ्रष्टाचार के पुख्ता सबूत सामने आए हैं। असम की जनता उन्मादी भाषणों, धनबल और प्रशासनिक आतंक से ऊब चुकी है, असम में बदलाव के लिए, सत्ता परिवर्तन के लिए जनता उमड़ चुकी है। हेमंता बिसवा सरमा की बौखलाहट और अभद्र भाषा का प्रयोग इस बात का प्रमाण है। भ्रष्टाचारी तानाशाह अब बच नहीं सकते। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि केंद्र की सरकार, अमित शाह और निर्वाचन आयोग भी मिलकर अब असम में बदलाव को रोक नहीं पाएंगे।

### छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र तक पहुंचेगा कोयला, राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को मिला नया आधार

# गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल माइंस से कोयले का प्रथम डिस्पैच शुरू



**रायगढ़ (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ अब देश के औद्योगिक और ऊर्जा उत्पादन परिदृश्य में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। रायगढ़ जिले में स्थित गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल माइंस से आज कोयले का प्रथम डिस्पैच औपचारिक रूप से शुरू हुआ, जिसके साथ ही छत्तीसगढ़ का कोयला अब सीधे महाराष्ट्र में विद्युत उत्पादन को समर्थन देगा। यह पहल दोनों राज्यों के बीच ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल ब्लॉक महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड के लिए विकसित किया जा रहा है, जो महाराष्ट्र में विद्युत उत्पादन की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई है। इस परियोजना के माध्यम से महाराष्ट्र की ताप विद्युत परियोजनाओं को छत्तीसगढ़ से सुनिश्चित और स्थिर ईंधन आपूर्ति प्राप्त होगी, जिससे बिजली उत्पादन की निरंतरता और विश्वसनीयता को मजबूती मिलेगी। गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल माइंस में लगभग 655.15 मिलियन टन कोयला भंडार उपलब्ध है। इसकी अधिकतम वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.6 मिलियन टन निर्धारित की गई है। परियोजना के पूर्ण संचालन से छत्तीसगढ़ राज्य को रॉयल्टी, जिला खनिज निधि (ष्ठरूस्न), वस्तु एवं सेवा कर (त्रस्ञ्ज) तथा अन्य मदों के माध्यम से लगभग 29,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।

खनन गतिविधियों से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। परियोजना के तहत 3,400 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे, वहीं परिवहन, निर्माण, खानपान, सुरक्षा, ठेकेदारी और अन्य सहायक सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय गति मिलेगी।

स्थानीय विकास को प्राथमिकता देते हुए परियोजना क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत कार्य किए जा रहे हैं। लगभग 35 करोड़ रुपये की प्रारंभिक ष्टस्क्र योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, आधारभूत संरचना और कौशल विकास से जुड़े कार्य शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही संचालन अवधि के दौरान परियोजना के शुद्ध लाभ का 2 प्रतिशत प्रतिवर्ष स्थानीय विकास कार्यों में निवेश किया जाएगा। परियोजना से प्रभावित 14 गांवों के 1,679 परिवारों के लिए पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना भी प्रभावी रूप से लागू की जा रही है।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी परियोजना में विशेष ध्यान दिया गया है। एक व्यापक पर्यावरण प्रबंधन योजना के अंतर्गत हरित पट्टी का विकास, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण उपाय, जल संरक्षण तथा खनन के पश्चात भूमि सुधार जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार( विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने पैथोलॉजी में विभिन्न टेस्ट की संख्या कम होने पर आवश्यक उपकरण और केमिकल की व्यवस्था कर संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने आईपीडी, ओपीडी, प्रसूति (जच्चा-बच्चा) वार्ड सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। भर्ती मरीजों से पूछ -ताछ की और आवश्यक किट भी प्रदान किये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नेत्र विभाग में भर्ती मरीजों से स्वयं संवाद कर फीडबैक लिया। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला मरीज के सुनने में समस्या होने पर उन्होंने तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का अवलोकन किया।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANS. CO.. LTD.**
O/o CHIEF ENGINEER (STORE & PURCHASE) Third Floor, SLDC Building, CSPTCL, Daganiya Raipur (C.G.)
No.02-16/CE(S&P)/TR-25/66/0052 Raipur, Dtd. 09.04.2026
**E - PROCUREMENT TENDER NOTICE**
Online tenders are invited from experienced manufacturers for supply of following item

| SN | Tender No. | Particulars | Qty (No.) | Cost of tender doc. (Rs.) including GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Due date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-25/S&P/66 RFx No- 8100050698 | Offline overhead fault locator and line signature analyzer kit | 1 | 5000/- | 40,000/- | 30.04.2026 (15.00 Hrs.) |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our website 'www.cspc.co.in,
SAVE ELECTRICITY Samwad- 47454/3
(Er. K.B. Patre)
CHIEF ENGINEER (S&P)CSPTCL: RAIPUR

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 12 अप्रैल से

**धमतरी ( विश्व परिवार )।** जिले के युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करने और नए खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 12 अप्रैल 2026 से स्थानीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गंगरेल में आयोजित होगी। इसके लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में आयोजित की जाएगी।

# एआई आधारित शिक्षा से छत्तीसगढ़ को ज्ञान, कौशल और नवाचार का अग्रणी केंद्र बनाना हमारा ध्येय है: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

- रायपुर से शुरू होगा 'एआई सक्षम शिक्षा अभियान', छत्तीसगढ़ में 2 लाख से अधिक शिक्षकों को मिलेगा एआई प्रशिक्षण




**रायपुर( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा को भविष्य की तकनीकों से जोड़ते हुए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख श्री संजय जैन एवं गूगल इंडिया के पब्लिक पॉलिसी प्रमुख श्री राजेश रंजन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अतिथियों का पारंपरिक सम्मान करते हुए उन्हें शॉल एवं बस्तर कला की प्रतिकृति भेंट की। ।

गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख श्री संजय जैन ने रायपुर जिला प्रशासन और गूगल के मध्य हुए लेटर ऑफ इंटेंट की जानकारी साझा करते हुए बताया कि रायपुर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में "AI सक्षम शिक्षा अभियान" की शुरुआत की गई है। इस अभियान के माध्यम से स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सक्षम शिक्षक अभियान के तहत राज्य में शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल टूल्स और AI आधारित शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल के प्रथम चरण की शुरुआत रायपुर से की जाएगी, जिसके बाद इसे राज्य के सभी जिलों में विस्तार दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 2 लाख से अधिक शिक्षकों को ,ड्ढ प्रमाणन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए गूगल फॉर एजुकेशन अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को नि:शुल्क उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है, जिससे शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त किया जा सके।

कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक चरण में 200 शिक्षकों की सहभागिता से विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गूगल फॉर एजुकेशन टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, कक्षा शिक्षण में AI के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक-सक्षम और नवाचार आधारित बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों को शिक्षा से जोड़ना केवल एक पहल नहीं, बल्कि प्रदेश के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इससे न केवल शिक्षण पद्धतियों में गुणवत्ता आएगी, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर नए युग के कौशल विकसित होंगे, जो उन्हें आने वाले समय की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।

## एआई ड्रोन के साथ रची प्रगति की नई गाथा

# ऊर्जा, नवाचार और हरित पहल से सशक्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, जो देश के माल परिवहन की धूरी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है, निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस सशक्त व्यवस्था को ऊर्जा प्रदान करने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विद्युत विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। वित्तीय वर्ष 2025ङ्म26 के दौरान विभाग ने रिकॉर्ड उपलब्धियाँ हासिल करते हुए हरित ऊर्जा, अत्याधुनिक तकनीक और परिचालन दक्षता के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं, जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता और अधिक सुदृढ़ हुई है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धि के रूप में 143 नए विद्युत लोकोमोटिव का सफल कमीशनिंग किया गया, जिनमें 74 इलेक्ट्रिक लोको शेड/भिलाई तथा 69 इलेक्ट्रिक लोको शेड/बिलासपुर में शामिल हैं। यह एक वित्तीय वर्ष में अब तक की सर्वाधिक उपलब्धि है। इसके साथ ही कुल लोकोमोटिव बेड़े की संख्या 721 से बढ़कर 805 हो गई, जो 11.65त्न की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। मालगाड़ियों के लिए औसत मासिक लोको उपलब्धता 665.02 रही, जो रेलवे बोर्ड के निर्धारित लक्ष्य 651 से अधिक है।

हरित ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 2,263.625 किलोवाट पीक क्षमता के सौर संयंत्र की स्थापना कर चालू किए गए, जिससे रेलवे परिसंपत्तियों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराई जा रही है तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा रही है। तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में रायपुर मंडल ने भारतीय रेल में पहली बार एआई-सक्षम ड्रोन के माध्यम से ओवरहेड उपकरण (ओएचई) की निगरानी शुरू की है। यह अत्याधुनिक प्रणाली हाई वोल्टेज तारों का सुरक्षित एवं सटीक निरीक्षण कर संभावित खामियों की पहचान करती है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह का उत्कृष्ट प्रदर्शन 91 प्रतिशत पीएलएफके साथ डीएसपीएम संयंत्र ने रचा कीर्तिमान







डी.एस.पी.एम.ताप विद्युत गृह कोरबा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह (डीएसपीएम) कोरबा पूर्व ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए ऊर्जा सचिव एवं पॉवर जनरेशन एवं डिस्ट्ब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने जनरेशन कंपनी के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने बताया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा जारी रिपोर्ट में हमारे संयंत्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसमें डीएसपीएम कोरबा पूर्व ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। यह हमारे कुशल प्रबंधन एवं संयंत्रों के नियमित रख-रखाव का परिणाम है कि निर्धारित मापदण्डों से कई ज्यादा हमारे संयंत्र ने परफॉर्म कर राष्ट्रीय स्तर पर यह कीर्तिमान हासिल किया है। डीएसपीएम के दोनों (2м250 मेगावॉट) क्षमता के विद्युत इकाईयों ने 2025-26 में 91 प्रतिशत पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) अर्जित किया है। डीएसपीएम ने सीईए (केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण) एवं सीएसईआरसी (छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटरी कमीशन) के निर्धारित लक्ष्य 85 प्रतिशत से भी अधिक 91 प्रतिशत पीएलएफ प्राप्त कर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का गौरव बढ़ाया है।

# वोरा,मेनन की मौजूदगी में संगठन मंथन तेज, मैराथन बैठकों में वार्ड, बूथ कमेटियों का गठन प्रगति पर



**रायपुर( विश्व परिवा )।** राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से 8 अप्रैल, बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने पर ,खासकर बूथ स्तर पर नियुक्ति और संगठन के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया था इस अहम बैठक में वरिष्ठ नेता अरुण वोरा की सक्रिय उपस्थिति रही.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार इसी बात को ध्यान में रखते हुए और गंभीरता से लेते हुए, त्वरित अगले ही दिन 9 अप्रैल गुरुवार को रायपुर प्रभारी अरुण वोरा एवं रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्री कुमार मेनन द्वारा रायपुर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। दिनभर चली इस विस्तृत एवं गंभीर बैठक में शाम तक संगठनात्मक विषयों पर गहन मंथन होता रहा। इस महत्वपूर्ण बैठक में रायपुर शहर कांग्रेस के प्रभारी अरुण वोरा, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष कुमार मेनन, सभी 12 ब्लॉक अध्यक्ष तथा विभिन्न ब्लॉकों के प्रभारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।बैठक में वार्ड कमेटी, जिला कमेटी एवं बूथ कमेटियों के गठन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसमें संगठनात्मक मजबूती के सकारात्मक संकेत स्पष्ट रूप से देखने को मिले।संगठन के ढांचे को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और आगामी रणनीतियों को लेकर गंभीर मंथन किया गया।लगभग 50त्न बूथ कमेटियों का गठन पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष 50त्न को 15 तारीख तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, वार्ड प्रभारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा वार्ड अध्यक्षों का चयन भी सुव्यवस्थित ढंग से कर लिया गया है, जिसकी जानकारी संबंधित प्रभारियों को दे दी गई है।

# हिट एंड रन दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा त्वरित मुआवजा: केदार कश्यप



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना मुआवजा योजना के तहत अज्ञात वाहन से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना से प्रभावित परिवारों और घायलों को त्वरित राहत उपलब्ध कराना है। इस संबंध में परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को त्वरित राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसका लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नागरिकों से अपील की कि दुर्घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए योजना का लाभ उठाएं। परिवहन विभाग ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। सावधानी हटी, दुर्घटना घटी के संदेश के साथ विभाग ने सुरक्षित यात्रा को जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपाय बताया है। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि कठिन समय में पीड़ित परिवारों को संबल भी देती है। योजना के अनुसार, हिट एंड रन दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को 2 लाख रूपए तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए की मुआवजा राशि दी जाती है।

# अमित बघेल को मिला जमानत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल को छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति तोड़े जाने के विरोध में किए आंदोलन के फलस्वरूप दर्ज मामले में मिली जमानत । जेसीपी सुप्रीमो अमित बघेल के ऊपर देशभर के विभिन्न राज्यों के थानों में 14 एफआईआर दर्ज है। ज्ञात हो कि तेलीबाँधा रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ती तोड़े जाने पर अमित बघेल ने प्रशासन और शासन को ललकारा था। छत्तीसगढ़ के पुरखों के अपमान के खिलाफ और छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को अक्षुण बनाये रखने 5 दिसंबर 2025 को सर्व छत्तीसगढ़िया समाज ने महतारी अस्मिता रैली निकाली थी। इसी दिन अमित बघेल की माताजी सरस्वती बघेल का स्वर्गवास हो गया दूसरी ओर अमित बघेल ने पुलिस के समक्ष समर्पण किया था। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने छह राज्यो में दर्ज मामलो में एक साथ राहत देते हुवे अमित बघेल को जमानत दे दिया है।

# 9 अप्रैल को विश्व नवकार दिवस पर शंकर नगर दिगंबर जैन मंदिर में गूंजा नवकार महामंत्र

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व नवकार दिवस के पावन अवसर पर शंकर नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर सामूहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप एवं पाठ किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिमय वातावरण बना रहा, जहाँ श्रद्धालुगण एक स्वर में नवकार मंत्र का उच्चारण करते हुए आत्मशुद्धि एवं विश्व शांति की कामना कर रहे थे। कार्यक्रम में युवा एवं वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



छायाचित्र: अजय जैन, रेल्वे

## छत्तीसगढ़ में महिला उद्यमिता और नेतृत्व को मिलेगा नया विस्तार

# फिक्की फ्लो ने रायपुर में अपने 22वें चैप्टर का किया शुभारंभ




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत के शीर्ष व्यापारिक संगठन फिक्की (FICCI) की महिला विंग, फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (FLO) ने आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में अपने 22वें चैप्टर की शुरुआत की घोषणा की।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत भर में महिला उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के समावेशी आर्थिक विकास में योगदान देने की फ्लो (स्नरुह्र) की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। नई दिल्ली में अपने मुख्यालय और 21 मौजूदा चैप्टर्स के साथ, फ्लो पिछले चार दशकों से महिला उद्यमिता, नेतृत्व और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है।

15,000 से अधिक सदस्यों के नेटवर्क वाला यह संगठन अब रायपुर चैप्टर के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रगतिशील और समावेशी विकास के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा।

मध्य भारत के एक प्रमुख औद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में रायपुर महिला-नेतृत्व वाले विकास की अपार संभावनाएं रखता है। शहर का मजबूत बुनियादी ढांचा और बढ़ता व्यापारिक इकोसिस्टम महिला उद्यमियों के इनोवेशन और और अपनी छाप छोड़ने के संकल्प को दर्शाता है।

इस लॉन्च इवेंट में कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। श्रीमती मीनल चौबे, महापौर, रायपुर डॉ. संगीता रेड्डी, संयुक्त प्रबंध निदेशक, अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड कार्यक्रम में फ्लो की पूर्व अध्यक्षों, प्रेसीडियम के सदस्यों, गवर्निंग बॉडी के सदस्यों और क्षेत्र की प्रमुख महिला उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा कि रायपुर में फिक्की फ्लो का विस्तार पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## बैठक — छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की बैठक आयोजित

# श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं उनके समग्र विकास सुनिश्चित हो : श्रम मंत्री देवांगन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की संचालक मण्डल की बैठक आज गुरूवार को नवा रायपुर स्थित मण्डल कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, श्रम विभाग उप-सचिव श्री विपुल गुप्ता, प्रभारी श्रमायुक्त श्री एस.एल. जांगड़े, नगरीय प्रशासन विभाग उप-सचिव श्री भागवत जायसवाल, एवं कल्याण आयुक्त श्री सुनील मिश्रा, भारत सरकार के प्रतिनिधि सहित मण्डल के सचिव श्री गिरीश रामटेके तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में मण्डल के अंतर्गत पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जिन्होंने अभी तक अपना पंजीयन नवीनीकरण नहीं कराया है, उनका शत-प्रतिशत पंजीयन 30 अप्रैल 2026 तक सतत् रूप से नवीनीकरण कराये जाने का निर्णय लिया गया है। श्रमिक बंधु से अनुरोध है कि, पंजीयन नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जिला श्रम कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र, श्रमेव जयते मोबाईल एप्प एवं विभागीय पोर्टल पर सीधे ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि श्रमिकों के हितों की रक्षा तथा उनके समग्र विकास के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन एवं मण्डल अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य सुशासन, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए आगे नवीनतम कदम भी उठाए जा रहे हैं।

बैठक के दौरान मण्डल का वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वार्षिक बजट को स्वीकृति प्रदान की गई। इससे श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं को और अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन : 9827143060/8871003060

RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354